

## एक नजर में

### दिनकरजी की रचनाएं आज भी प्रासंगिक : डीआरएम



**रतलाम।** राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत मंडल कार्यालय में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दिनकरजी की प्रसिद्ध रचनाओं का सस्वर पाठ किया। मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित वक्ता डॉ. कमला शर्मा ने दिनकरजी के जीवन संघर्ष, उनकी साहित्यिक यात्रा और सृजनशीलता के विविध पहलुओं पर विस्तृत, सारगर्भित एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने दिनकर जी की कृतियों में निहित राष्ट्रभक्ति और सामाजिक सरोकारों को विशेष रूप से रेखांकित किया। अपने उद्बोधन में मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार ने कहा कि दिनकरजी की रचनाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, क्योंकि उनमें राष्ट्रप्रेम और समाज के प्रति गहरी प्रतिबद्धता झलकती है। कार्यक्रम के दौरान राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत कर्मचारियों के लिए प्रश्न मंच का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों से राजभाषा से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गए।

### शक्ति पर्व : गायन-नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों दी



**रतलाम।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा तीज-त्यौहारों एवं उत्सवों से जुड़े प्रसंगों, लोक परम्पराओं और सांस्कृतिक दृष्टिकोण को आम लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से अनेक आयोजन मध्यप्रदेश के विभिन्न स्थलों पर किये जाते हैं। इसी क्रम में नवरात्रि के पावन अवसर पर संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश के विख्यात एवं प्राचीन देवीय स्थलों पर शक्ति पर्व का आयोजन किया जा रहा है। विधायक सभागार बड़बड़ रोड, रतलाम पर मंगलवार को भक्ति गायन समन्दर खान मांगणियार, जयपुर द्वारा प्रस्तुत किये गए। मालवी गायन राजीव शर्मा, उज्जैन द्वारा, तेरहताली नृत्य कालूदास उदयपुर द्वारा, राठ नृत्य की प्रस्तुति नसिंहभाई चामायड़ा भाई राठवा, बड़ौदा द्वारा भक्ति गायन, नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का शुभारभ दीप प्रज्वलित कर नगर निगम उपायुक्त करुणेश दंडोतिया एवं समस्त कलाकार द्वारा किया गया।

### गड़ावदिया में दशम आयुर्वेद दिवस पर शिविर आयोजित

**रतलाम।** जिला आयुष अधिकारी डॉ दाताराम जयंत ने बताया कि कलेक्टर राजेश बाथम के निर्देशन में दशम आयुर्वेद दिवस का आयुर्वेद जन-जन के लिए पृथ्वी के कल्याण के लिए थीम पर कार्ययोजना अनुसार गतिविधियों का आयोजन नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर के रूप में 23 सितंबर को ग्राम गडावदिया मे किया गया। शिविर में आने वाले रोगियों की नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच की गई एवं ऋतुचर्या दिनचर्या के बारे में बताया गया साथ ही रोगियों को नि:शुल्क आयुर्वेदिक औषधि वितरित की गई।

### शासकीय आयुर्वेद औषधालय धानासूता में आयुर्वेद शिविर आयोजित

**रतलाम।** जिला आयुष अधिकारी डॉ दाताराम जयंत ने बताया कि आयुष विभाग भोपाल के निर्देशन और कलेक्टर राजेश बाथम के मार्गदर्शन में सेवा पखवाडा अंतर्गत दशम आयुर्वेद दिवस का आयुर्वेद जन-जन के लिए पृथ्वी के कल्याण के लिये थीम पर कार्ययोजना अनुसार गतिविधियों का आयोजन शासकीय आयुर्वेद औषधालय धानासूता में किया गया। जिसमे औषधालय के चिकित्सक डॉ. राहुल साड़ीवाल, कंपाउंडर मंशाराम जाधव एवं दवासाज ज्योतिनाथ गांधी, शासकीय माध्यमिक विद्यालय स्टाफ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सविता परासिया, आशा कार्यकर्ता कृष्णा पांचाल, एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति में आंगनवाडी केंद्र में स्वास्थ्य शिविर के शुभारंभ किया गया। साथ ही विद्यालय में पौधारोपण, छात्र-छात्राओं को आयुर्वेद प्रतिज्ञा, लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क औषधि वितरण किया गया। शिविर में योग से होने वाले लाभ, साथ ही महिलाओं को बच्चों के पोषण संबंधी जानकारी व संरक्षण हेतु जागरूक किया गया।

### पं.दीनदयाल उपाध्याय जयंती मनेगी

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष पं.दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितम्बर को मनाई जायेगी। इस अवसर पर दिनदयाल नगर स्थित उद्यान मे पं.दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर मुख्य अतिथि रहेगे। जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी ने बताया कि जयंती समारोह प्रात: 10 बजे आरंभ होगा। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय करेगे। भाजपा के प्रदेश, जिला, मंडल, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहेगे।

### जावरा पब्लिक स्कूल को बेस्ट इमर्जिंग स्कूल ऑफ़ द ईयर का सम्मान

**जावरा।** जावरा पब्लिक स्कूल ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इंदौर में आयोजित प्रतिष्ठित समावेश एजुकेटर्स कॉनक्लेव एंड अवार्ड 2025 में जावरा पब्लिक स्कूल को बेस्ट इमर्जिंग स्कूल ऑफ़ द ईयर का पुरस्कार प्रदान किया। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर के अनेक प्रख्यात शिक्षाविद् और प्राचार्य उपस्थित थे। यह सम्मान विद्यालय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचार, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों तथा उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण की सराहना स्वरूप दिया गया। विद्यालय के प्राचार्य व निदेशक पीयूष मूणत ने यह पुरस्कार प्राप्त करते हुए समस्त स्टाफ, विद्यार्थियों और अभिभावकों के सहयोग को इस सफलता का आधार बताया। इस उपलब्धि से जावरा नगर का गौरव बढ़ा है तथा नगरवासियों में हर्ष का वातावरण है। सम्मानित होने के बाद प्राचार्य मूणत ने कहा जावरा पब्लिक स्कूल लगातार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संस्कार और सेवा के अपने मूल मंत्र शिक्षा, संस्कार, सेवा को चरितार्थ करते हुए नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है।

### जिला सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संगठन के जिला पदाधिकारी घोषित-


**जावरा।** जिला सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संगठन का मिलन समारोह भीमाखेड़ी हनुमान मंदिर में आयोजित किय। प्रशांत दवे ने मंच संचालन किया। जिले के विभिन्न ब्लॉकों से आए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संगठन की कार्यकारिणी का गठन करना था, जिसमें सर्वसम्मति से ओमप्रकाश पाटीदार को जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संगठन जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। इसके अलावा डॉ विनोद पाटीदार और डॉ राकेश रायकवार को जिले के संगठन के जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर उपस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने अपनी शुभकामनाएं दीं और संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के बीच एकता और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

# आत्मनिर्भर बनने के लिए स्वदेशी का संकल्प आवश्यक

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की जिला कार्यशाला आयोजित की गई इसे मुख्य वक्ता के रूप मे जिला प्रभारी प्रदीप पाण्डेय ने संबोधित किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की।

**आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की जिला कार्यशाला में जिला प्रभारी ने कहा**



कार्यशाला में भाजपा के नवनियुक्त सभी जिला पदाधिकारियों का स्वागत, सम्मान किया गया। इस दौरान ग्रामीण विधायक मथुरालाल डामर, महापौर प्रहलाद पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष लालाबाई चंद्रवंशी, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, आत्मनिर्भर भारत जिला टोली संयोजक जिला महामंत्री महेश सोनी, सहसंयोजक शैलेंद्र डागा, पदमा जायसवाल एवं रजनीश जैन, जिला महामंत्री जयवंत कोठारी आदि मंचासीन रहे।

जिला प्रभारी प्रदीप पाण्डेय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार आत्मनिर्भरता की आवश्यकता पर बल देते आ रहे है। उनकी प्रेरणा से भाजपा ने आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान चलाना का निर्णय लिया है। इस अभियान की सफलता के लिए स्वदेशी का संकल्प आवश्यक है। भाजपा कार्यकर्ता अभियान के दौरान प्रत्येक देशवासी को स्वदेशी का संकल्प दिलाने का प्रयास करें।

कार्यशाला में नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। संचालन जिला महामंत्री महेश सोनी ने किया। आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री जयवंत कोठारी द्वारा किया गया।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी ने बताया कि इस दौरान भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष महामंत्री, मोर्चा प्रकोष्ठ के संयोजक, स्थानीय निकाय एवं पंचायत के जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

### अभियान में होंगे कई कार्यक्रम, स्वदेशी प्रोत्साहित करेंगे : जिलाध्यक्ष

जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय ने कहा कि 25 सितम्बर को पं.दीनदयाल उपाध्याय जयंती से आत्मनिर्भर भारत अभियान शुरू होगा और 25 दिसम्बर को को अटल जी की जयंती तक चलेगा। इस अभियान के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होगे, जो स्वदेशी को प्रोत्साहित करेगे। अभियान के लिए जिले के बाद सभी मंडलों मे भी कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। उन्होने कार्यकर्ताओ से अभियान के सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यशाला को विधायक श्री डामार, महापौर श्री पटेल, टोली सदस्य, पूर्व महापौर श्री डागा ने भी संबोधित किया।

## आज से कांग्रेस का वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** कांग्रेस द्वारा आज से वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान शुरू किया जा रहा हैं। हस्ताक्षर अभियान सुभाष नगर

**कांग्रेस संगठन प्रभारी विधायक प्रताप ग्रेवाल करेंगे शुभारंभ**

चोराहा से प्रारंभ होगा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा ने बताया कि अभियान शहर में वृहद स्तर पर चलााया जाएगा। 40 विभिन्न चोराहे पर स्टाल तथा प्रत्येक वार्ड में घर-घर जाकर हस्ताक्षर कराएंगे तथा सभी कांग्रेस कार्यकर्ता अपने स्तर पर क्षेत्रों में हस्ताक्षर करवाएंगे। शहर में पचास हजार हस्ताक्षर का लक्ष्य तय किया गया है।



### पार्षदों की जिलाध्यक्ष ने ली बैठकें

अभियान को लेकर बुधवार को शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री वर्मा ने पार्षदों के साथ बैठकें भी की। इस दौरान विभिन्न पार्षदों से रूबरू हुए। श्री वर्मा ने पार्षद दल की बैठक अयोजित कर उन्हें दो-दो हजार हस्ताक्षर करवाने का लक्ष्य दिया गया। इस अवसर पर पारस सकलेचा, महेंद्र कटारिया, यास्मिन शेरानी, रजनीकांत व्यास, कमरुद्दीन कछवाय, नासिर कुरैशी, सलीम बागवान, शाकिर खान, शैलेन्द्र सिंह अठाना, बसंत पंड्या, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, सोहेल काजी, किशन दा भागिनामा, संगीता कांकरिया, कैलाश शर्मा जब्बर, उपस्थित रहे।

### कालिका मेले में नि:शुल्क पार्किंग सुविधा : महापौर

**रतलाम।** महापौर पहलाद पटेल ने आस्था का केन्द्र श्री कालिका माता मंदिर पर लगने वाले मेले में पार्किंग व्यवस्था निशुल्क की हैं।यहां पार्किंग को लेकर लगातार विवाद की स्थिति बन रही थी। नगर निगम द्वारा 22 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित ग्यारह दिवसीय नवरात्री मेले में आने वाले नागरिकों को अपने वाहन पार्क करने हेतु 6 स्थानों पर नि:शुल्क पार्किंग की सुविधा दी है जिसके तहत पुराना कलेक्टोरेट परिसर, कोर्ट चौराहा, मित्र निवास रोड, आनन्द कॉलोनी, लोकेन्द्र भवन रोड रोटरी उद्यान में नागरिक अपने वाहन नि:शुल्क पार्क कर सकेंगे। उक्त पार्किंग स्थल सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेंगे, फिर भी नागरिक अपने वाहन की सुरक्षा स्वंय करें।

#### 6 स्थानों पर नि:शुल्क पार्किंग की सुविधा

क्षेत्र के 6 स्थानों पर नि:शुल्क पार्किंग की सुविधा दी जाएगी। विभाग ने बताया कि निशुल्क पार्किंग व्यवस्था में पुराना कलेक्टोरेट परिसर, कोर्ट चौराहा, मित्र निवास रोड, आनन्द कॉलोनी, लोकेन्द्र भवन रोड रोटरी उद्यान में रहेगा। यहां नागरिक अपने वाहन नि:शुल्क पार्क कर सकेंगे।




## रैली से ग्रामीणों को स्वच्छता का दिया संदेश

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** सेवा पखवाड़ा के तहत स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गए ग्राम बिबड़ोद में स्वच्छता रैली निकाली। रैली के दौरान स्वच्छ गांव, स्वस्थ जीवन, गंदगी को दूर भगाओ, साफ़-सुथरा गाँव बनाओ तथा हर खेत, हर द्वार - रहे स्वच्छ हमारा संसार, हम-सब है ठाना बिबडोद स्वच्छ बनाना है जैसे नारों से ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित एवं जागरूक किया गया।

रैली के उपरांत माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यालय प्रांगण एवं कक्षाओं की सफाई की गई। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. हर्षवर्धन मेहसन ने बच्चों को स्वच्छता के महत्व पर संबोधित किया। वहीं कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रवि प्रकाश जोशी ने विद्यार्थियों को सही ढंग से हाथ धोने की विधि का प्रदर्शन एवं अभ्यास कराया। अभियान में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएँ, ग्रामवासी तथा विद्यालय परिवार की सक्रिय उपस्थिति रही।

### स्वच्छता आदत नहीं उज्वल भविष्य की नींव : प्राचार्य माथुर

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राकेश माथुर ने कहा कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य, समाज और आने वाली पीढ़ियों के उज्वल भविष्य की नींव है। यदि हर व्यक्ति स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन में अपनाए, तो हम एक स्वस्थ, सुंदर और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया।

### महिला के साथ छेड़छाड़ करने वाले को 1 वर्ष का सश्रम कारावास

**जावरा।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती ऋचा द्विवेदी भुजंग द्वारा 18.09.2025 को अभियुक्त धर्मेन्द्र को धारा-354 के अपराध के लिए 1 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी राजेन्द्र देवडा द्वारा बताया गया किै 04.10.2019 को फरियादिया ने थाना पिपलौदा आकर रिपोर्ट किया कि वह आंगनवाडी कार्यकर्ता का काम करती है एवं कक्षा 10 वीं तक पढी लिखी है। सुबह करीब 11 बजे वह बच्चों को आयरन की दवाई पिला रही थी, तभी वहाँ धर्मेन्द्र पिता प्रहलाद मोगिया निवासी ग्राम अयाना, पिपलौदा, उसके पास आया और फिर उसने उसे अकेली देखकर बुरी नियत से उसका बायां हाथ पकड लिया। चिल्लाचोट की आवाज सुनकर गांव की कचरीबाई वहां पर आ गयी, जिसे देखकर वहां से भाग गया। फिर उसने अपने पति को फोन करके बुलाया और उन्हें घटना बतायी। बाद अपने पति को साथ लेकर रिपोर्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण सदर में दौराने विवेचना धारा 354 ए भादवि का ईजाफा किया गया। सम्पूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में अभियोजन की ओर से न्यायालय के समक्ष साक्षीगण की साक्ष्य सहायक लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा लेखबद्ध कराई गई।



### जीएसटी सुधारों के बीच 30 तक ऑडिट असंभव नहीं, अकाउंटेंट्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**रतलाम।** अकाउंटेंट्स एसोसिएशन रतलाम ने इनकम टैक्स ऑडिट की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम एक ज्ञापन रतलाम आयकर अधिकारी सत्यप्रकाश डागर को सौंपा। इस अवसर पर आयकर निरीक्षक सिद्धार्थ जैन एवं शिम्भूदयाल कुमावत भी उपस्थित रहे। ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान परिस्थितियों में निर्धारित समय-सीमा के भीतर आयकर ऑडिट कार्य पूर्ण करना संभव नहीं है। व्यक्तिगत आयकर विवरणी दाखिल करने की अंतिम तिथि 16 सितंबर है। इसके तुरंत बाद मासिक जीएसटी -3 बी दाखिल करने की अंतिम तिथि 20 सितंबर है। साथ ही 22 सितंबर से जीएसटी रिफॉर्म लागू हो रहे हैं। इन सभी तिथियों के दबाव के बीच 30 सितंबर तक ऑडिट कार्य पूर्ण करना व्यवहारिक रूप से असंभव है। इसके अतिरिक्त इस अवधि में शारदीय नवरात्र का आयोजन भी कार्य को प्रभावित कर रहा है। इन परिस्थितियों को देखते हुए एसोसिएशन ने मांग की है कि आयकर ऑडिट की अंतिम तिथि दो माह बढ़ाकर 30 नवम्बर 2025 की जाए, ताकि करदाताओं एवं अकाउंटेंट्स को राहत मिल सके।

**इन्होंने सौंपा ज्ञापन:** ज्ञापन सौंपने के अवसर पर अध्यक्ष मनोज राठौड पूर्व अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष मनोज शर्मा, संरक्षक हेमन्त मूणत संजय शर्मा, अनुज गंगवाल, मोहनसिंह पंवार, प्रकाश गेहलोत, मयंक जोशी, सत्यनारायण राठौड़, सैफफुद्दीन मसालावाला, अमित धारवा, महेश व्यास, अखिलेश ओझा आदि मौजूद थे।

## इप्का लेबोरेटी लापरवाह, कर रही मनमानी

**रतलाम।** इप्का लेबोरेटरी की लापरवाही और मनमानी लगातार बढ़ती जा रही हैं। कंपनी विषैला दूषित केमिकलयुक्त वेस्टेज जल निस्तारण से आमजनों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा हैं।

**शिवसेना पदाधिकारियों ने मांगों को लेकर एसपी को सौंपा ज्ञापन**

यह शिकायत शिसेना के पदाधिकारियों ने बुधवार को एसपी से की। बताया गया कि कपंनी के लापरवाही के विरुद्ध आवाज उठाने वाले शिवसेना जिला प्रमुख पर दर्ज झूठे प्रकरणों को निरस्त करने तथा इप्का लेबोरेटरी की जांच किए जाने संबंधी मांग को लेकर शिवसेना जिला शाखा रतलाम ने बुधवार शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया। एसपी को ज्ञापन सौपा गया।

इस अवसर पर म.प्र. महासचिव जितेन्द्र चतुर्वेदी, म.प्र. सचिव दिनेश प्रजापत, उज्जैन संभाग प्रमुख शांतिलाल पाटीदार, रतलाम जिला प्रभारी राजेन्द्रसिंह सिसोदिया, उपप्रमुख एफ.सी. मालवीय, महामंत्री प्रताप सिंह चौहान, पूर्व जिला प्रमुख जगदीश चौहान, ग्रामीण प्रमुख दिनेश देवदा, जिला अजा प्रमुख देवीलाल झोर्डिया, पिपलौदा तहसील प्रमुख गौरव नाथ सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शिवसेना जिला प्रमुख शांतिलाल मालवीय ने बताया कि इप्का लेबोरेटिज द्वारा नियमों का उल्लघंन कर जनता की जान के साथ खिलवाड़ कर मनमाने तरिके से कदम उठाते हुए जनहित में आवाज उठाने वाली शिवसेना जिला प्रमुख पर प्रकरण दर्ज करवाया गया हैं। हमारे द्वारा तत्काल प्रकरण निरस्त किए जो की मांग की गई हैं। उन्होंने इप्का लेबोरेटिज की लापरवाही और मनमानी की कई बार शिकायत की गई थी।

### यह की थी शिकायत

शिकायतों में स्पष्ट दर्शाया और इप्का लेबोरेटिज द्वारा विषैला दुषित केमिकलयुक्त वेस्टेज जल निस्तारण लापरवाही को उजागर किया गया है। श्री मालवीय ने बताया कि इप्का की भूमि में संचालित डेयरी फार्म की भूमि में अनाधिकृत रूप से तालाब बनाकर दुषित पानी स्टोरेज किया जाता है कि उक्त भूमि में अवैध मादक पदार्थों की खेती भी की जा रही थी। उक्त शिकायतो को दबाने के लिये ही प्रकरण दर्ज किया गया।

## अधिक मूल्य में बिना बिल के बेच रहे यूरिया खाद की बोरी

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** शहर में पहाड़िया रोड स्थित अरिहंत ट्रेडर्स पर खाद बिना बिल के सही रेट से अधिक में बिक रही थी। दीपक पाटीदार और विनोद ने दुकान पर जाकर

**जांच दल गठित कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी**

खाद की बोरी का मूल्य पूछा तो दुकानदार के द्वारा 350 रुपए प्रति बोरी बताया गया।उसके एक घंटे बाद दीपक परमार असावती ओर दीपक पाटीदार खाद की बोरी लेने पहुंचे तो दुकानदार ने पहले तो मना किया और फिर हा कर दी। दीपक के द्वारा फोन पे से पेमेंट करने पर दुकानदार ने मना कर दिया और कहा कि कैश पेमेंट लगेगा। दीपक के द्वारा वीडियो में 400 रुपए दिए गए ओर उसमें से दुकानदार के द्वारा 350 रुपए बोरी के काटकर 50 रुपए वापस दे



दिए। जब बिल मांगा गया तो दुकानदार ने मना कर दिया और कहा कि बिल नहीं मिलेगा। इसके बाद दीपक परमार, दीपक पाटीदार और विनोद गणावा ने अनुविभागीय अधिकारी कृषि विभाग ओर एसडीएम कार्यालय में दुकानदार अरिहंत ट्रेडर्स के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि जल्द ही जांच दल गठित कर अरिहंत ट्रेडर्स पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**विरोध** — पार्षद प्रतिनिधि राजेश रुक्मणी धाकड़ बोले, जो भी आरोप लगे, वह सारे निराधार

## सफाई कर्मचारियों के साथ अभद्रता का आरोप, सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** ।सफाई कर्मचारी एवं दरोगा के साथ पार्षद प्रतिनिधि एवं रहवासीयों द्वारा जाति सूचक शब्द एवं अश्लील शब्दो का प्रयोग करने को लेकर सफाई कर्मचारियों ने सीएमओ तथा शहरथाने पर आवेदन देते हुए कार्रवाई की मांग की।

किशोर पिता अमिताभलाल कल्याणे ने बताया मैं नगर पालिका जावरा में सफाई कर्मचारी के दरोगा पद पर पदस्थ हूं तथा मैं अपने कार्य स्थल आजाद चौक पर सफाई कर्मचारियों की हाजरी लेता हूं, मुझे सोमवार को 12:30 बजे राजेश धाकड़ का फोन आया कि कुम्हारीपुरा, धाकड़ीपुरा में पण्डाल की सफाई करवा दो, इस पर मेंनें महिला सफाई कर्मचारी छम्मोबाई पति संजय कल्याणे को भेजा। वह सफाई कर रहे थे, तभी मैं, इरशाद पिता अब्दुल रउफ और लिपिक प्रभारी दशरथ चौहान हम तीनो वहाँ पहुंचे तो राजेश एवं रहवासी रोहित पिता कालु प्रजापत के द्वारा छम्मोबाई के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। जब बीच में राजेश और रोहित को रोका और कहा कि ऐसा क्यो बोल रहे हो तो इन लोगो द्वारा मेरे साथ भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया। साथ ही उक्त सफाई कर्मचारी द्वारा किये जा रहे शासकीय कार्य को बाधित किया।



उक्त घटना से कर्मचारीयों में रोष है, इसलियें उचित कार्यवाही की जाना आवश्यक है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि उपरोक्त व्यक्तियों के विरूद्ध तत्काल हरिजन एक्ट में एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने एवं महिला को अपमानित करने के उद्देश्य से जो अपशब्द कहे उसके लिये रोहित, राजेश के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही कर प्रकरण पंजीबद्ध किया जाए।

### चाहे तो सीसी कैमरे ख़ंगाले

मामले को लेकर पार्षद प्रतिनिधि राजेश रुक्मणी धाकड़ का कहना है कि जो भी आरोप मुझ पर लगे हैं वह सारे निराधार हैं। ना तो मैं मौके पर गया और नहीं मैंने किसी प्रकार की अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। पुलिस चाहे तो मौके पर आसपास लगे सीसी कैमरे ख़ंगाले तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।